SSHIN/2005/15049 PRATAH KHABAR, Guwahati, Friday, 27 December, 2019 वर्ष 16 अंक 223, गुवाहाटी, शुक्रवार, 27 दिसंबर, 2019, विक्रम संवत् 2076,

सच से समझौता नहीं

प्रातःखबर

ट्रांसजेंडर समुदाय व शिशु सारथी के बच्चों के साथ क्रिसमस का आयोजन

गुवाहाटी, 26 दिसंबर (ख.सं.)। वंचित बच्चों, ट्रांसजेंडर समुदाय व शिशु सारथी के विशेष रूप से सक्षम बच्चों के साथ क्रिसमस पर्व की खुशियां बांटी गई। पूर्वोत्तर की अग्रणी सीमेंट ब्रांड कंपनियों में से एक अमृत सीमेंट की ओर से पहली बार यह अनोखी पहल की गई। मोई होम सांता नामक इस डिजिटल अभियान का शुभारंभ किया गया, ताकि समाज के हर वर्ग हर उम्र के लोगों के बीच क्रिसमस की खुशियां बांटी जा सके। अपने अभियान के पहले दिन रूप नगर स्थित शिशु सारथी में जाकर विशेष रूप से सक्षम बच्चों के बीच संता क्लोज ने चॉकलेट व उपहार बांटे अपने बीच संता क्लोज को देख बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। उनमें से कुछ ने युवा संगीतकार अभिलाष चौधरी की धुन पर नृत्य भी किया। शिशु सारथी की कार्यकारी निदेशक केतकी बोरदोलोई ने इस अनोखे प्रयास की काफी सराहना की। इसके अलावा पूर्वोत्तर के इतिहास में पहली बार अमृत सीमेंट की ओर से ट्रांसजेंडर समुदाय को क्रिसमस आयोजन हेतु आमंत्रित किया गया, जिसमें प्रथम

ट्रांसजेंडर स्वाति विधान बरुवा सहित अन्य समुदाय के अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया यह पहला ऐसा मौका था जब ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्ति ने मोई होम सांता कैंपेन के तहत संटा क्लोज बंद कर मिठाई व उपहार का वितरण किया। इस दौरान गुवाहाटी उच्च न्यायालय के अधिवक्ता स्वाति विधान बरुवा ने कहा कि मुझे खुशी है कि अमृत सीमेंट की ओर से ट्रांसजेंडर समुदाय को भी आम लोगों की तरह ही आमंत्रित कर उनके साथ खुशियों का त्यौहार क्रिसमस मनाया जा रहा है। मुझे आशा है कि आने वाले समय में अन्य संगठन हुआ व्यावसायिक घराने भी ट्रांसजेंडर समुदाय को इसी तरह सम्मान देंगे। इस संदर्भ में अमृत सीमेंट के प्रबंध निदेशक प्रदीप बागलाने कहा कि यह क्रिसमस हमारे लिए विशेष था क्योंकि हमने गुवाहाटी के ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ मनाया और संदेश देने की कोशिश की कि एक समुदाय के रूप में समुदाय को मुख्य धारा में लाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है और इस तरह उनकी कमजोरियों को कम करते हैं, कलंक और भेदभाव को समाप्त करते हैं, सामाजिक सुरक्षा व उनके अधिकार प्रदान करता है। मोई होम सांता टीम ने कल्याणी निवास में रह रहे वांछित बच्चों के साथ कुछ खुशियों से भरे लम्हें बिताए एवं लगभग चालीस बच्चों को गुवाहाटी के एक हंटराइड के लिए ले जाया गया और बाद में नाश्ते के साथ मल्टीप्लेक्स में फिल्म दबंग 3 दिखाई गई। मालूम हो कि मोई होम सांता नामक इस अभियान का गीत जोया बरुआ द्वारा गाया गया था। इस पहल को असमिया फिल्मों के अभिनेता रवि शर्मा, निशिता गोस्वामी, सुनीता कौशिक सहित कई अन्य हस्तियों ने समर्थन दिया था।